वर्ष-01, अंक- 355
छपरा
3 अक्टूबर रविवार
2024
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## कभी महिला का अपमान नहीं किया, राजनीतिक कारणों से पैदा किया गया विवाद, अरविंद सावंत का माफीनामा



**मुंबई,एजेन्सी।** शिवसेना (यूबीटी) के सांसद अरविंद सावंत ने शनिवार को महाराष्ट्र चुनाव में मुंबा देवी सीट से उम्मीदवार शाइना एनसी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के लिए माफी मांगी। एक दिन पहले शाइना की शिकायत के आधार पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। सावंत ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि उन्होंने कभी भी किसी महिला का अपमान नहीं किया है। उन्होंने कहा कि चुनावों से पहले राजनीतिक कारणों की वजह से इसे तूल दिया जा रहा है।

**किसी की भावना को ठेस पहुंची तो माफी मांगता हूं**-सावंत ने कहा, मैं हमेशा महिलाओं को उचित सम्मान देने में आगे रहा हूं। मेरी टिप्पणियों को गलत तरीके से पेश किय गया और मुझे जानबूझकर निशाना बनाया गया। इससे मुझे दुख हुआ। फिर भी अगर मेरी टिप्पणियों से किसी की भावनाओं को ठेस पहुंची है, तो मैं इसके लिए खेत व्यक्त करता हूं और माफी मांगता हूं। 55 साल के राजनीतिक जीवन में मैंने कभी भी महिलाओं का अपमान नहीं किया।

## पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को धमकी देने का आरोपित दिल्ली से गिरफ्तार



**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया लोकसभा सीट से सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को लॉरेन्स बिश्नोई गैंग की ओर से मिली जान से मारने की धमकी के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पूर्णिया पुलिस ने इस मामले में एक आरोपित महेश पाण्डेय को नई दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह पहले कुछ पूर्व सांसदों और विधायकों के यहां काम करता था। कुछ दिन पहले वह यूएई गया था, जहां उसकी साली रहती है। वहां से एक सिम लेकर भारत आने के बाद उसने उस नंबर से व्हाट्सएप अकाउंट बनाया। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड पर सांसद पप्पू यादव की मीडिया में दी गई प्रतिक्रिया के बाद आरोपित ने गूगल से उनका नंबर निकाला और यूएई के व्हाट्सएप अकाउंट से धमकी भरा संदेश भेजा। पूर्णिया एसपी ने बताया कि आरोपित महेश पाण्डेय के बहुत लोगों से संबंध हैं, जिसमें राजनीतिक भी हैं और गैंग के लोगों भी हैं। इसने कई बड़े-बड़े जगहों पर काम किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से धमकी देने में प्रयुक्त यूएई का सिम, मोबाइल फोन और उसकी पत्नी का मोबाइल व सिम बरामद किया है। आरोपित ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

## केंद्रीय मंत्री का कांग्रेस पर हमला, कहा- 1984 में सिखों के खिलाफ नरसंहार के लिए वह जिम्मेदार

**नई दिल्ली,एजेन्सी।**केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 1984 में सिखों के खिलाफ हुए अत्याचार के लिए जिम्मेदार है। कांग्रेस ने इस नरसंहार के लिए सही तरीके से माफी नहीं मांगी। उन्होंने कहा कि ऐसे जघन्य अपराध के दोषियों को सजा देने में न्याय विफल रहा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 40 साल पहले दिल्ली में मेरे समुदाय के खिलाफ नरसंहार हुआ था। तीन हजार लोगों की हत्या कर दी गई।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं इनको दंगे नहीं कहता, क्योंकि दंगे दोतरफा होते हैं। इन्हें एक समुदाय को निशाना बनाकर अंजाम दिया गया। जो व्यक्ति इसके लिए जिम्मेदार है, वह आज भी कांग्रेस कार्यसमिति का सदस्य है। उन्हें खुद पर शर्म आनी चाहिए। मुझे हैरानी है कि मेरे कई सिख भाई अभी भी कांग्रेस पार्टी का समर्थन करते हैं।

# केरल-तमिलनाडु में मूसलाधार बारिश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और दक्षिण दोआब में गिरेगा तापमान

**नई दिल्ली,एजेन्सी।** मौसम विभाग ने भारी बारिश का पूर्वानुमान जाहिर किया है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले 24-48 घंटे की अवधि दक्षिण भारतीय राज्यों के लिए खास तौर पर संवेदनशील रहेंगे। मौसम विभाग (IMD) के पूर्वानुमान के मुताबिक दो नवंबर को केरल, पुदुचेरी के माहे जिले और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में मूसलाधार बारिश हुई। मन्नार की खाड़ी के क्षेत्र में गहरे परिसंचरण के कारण दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत और तमिलनाडु के दक्षिणी क्षेत्र में शनिवार को भारी बारिश हुई।

**अगले 2-3 दिनों तक तमिलनाडु और केरल में भारी वर्षा का अनुमान** :राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित मौसम विज्ञान केंद्र में आईएमडी वैज्ञानिक सोमा सेन रॉय ने कहा, हमें भारी वर्षा की रिपोर्ट मिली है। मुख्य रूप से दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत और तमिलनाडु में बारिश के आसार हैं। देश के बाकी हिस्सों में भारी वर्षा के संकेत नहीं हैं। अभी तक ऐसी कोई सूचना भी



सामने नहीं आई है। अगले 2-3 दिनों तक तमिलनाडु और केरल में भारी वर्षा की आशंका है।

**इन राज्यों में तापमान में गिरावट की संभावना** :सोमा सेन रॉय ने कहा कि देश के अधिकांश हिस्से में मौसम साफ रहेगा। तापमान की बात करें तो पिछले 24 घंटों में नदियों के बीच या आसपास बसे दोआब क्षेत्र में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है... राजस्थान, मध्य प्रदेश और दक्षिण दोआब क्षेत्र में कुल तापमान सामान्य से 2-4 डिग्री अधिक है। रविवार सुबह से न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की उम्मीद है। अलग-अलग स्थानों पर तापमान में गिरावट की संभावना है।

**मौसम विभाग ने इस हफ्ते के मौसम का पूर्वानुमान जारी किया** :नवंबर के पहले हफ्ते में मौसम संबंधी चेतावनी जारी कर मौसम विभाग ने कहा, 1 नवंबर को तमिलनाडु, केरल और माहे में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। इसके बाद बारिश में थोड़ी कमी आएगी। 3-7 नवंबर के दौरान उत्तर और पूर्वी भारत में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री की गिरावट आने की संभावना है।

**न्यूनतम और अधिकतम तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस गिर सकता है** :आईएमडी वैज्ञानिक सोमा सेन रॉय ने 03-07 नवंबर के दौरान उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में न्यूनतम और अधिकतम तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस गिर सकता है। मौसम विभाग ने लोगों को घरों के अंदर रहने और अनावश्यक यात्राओं से बचने की सलाह दी है।

### सुरक्षित रहने के लिए मौसम विभाग ने जारी किया परामर्श

आईएमडी की एडवाइजरी में कहा गया है कि अगर संभव हो तो किसी भी यात्रा से बचें, बच्चों और जानवरों को घर के अंदर रखें और घरों की छतों पर रखी किसी भी ढीली लकड़ी या नुकसान पहुंचाने वाली वस्तु को हटा दें जिससे दुर्घटना हो सकती है। मौसम विभाग ने कहा कि घर के बाहर रहने की सूरत में धातु की संरचनाओं और बिजली से जुड़ी वस्तुओं से दूर रहें। फोन और बिजली के तार, धातु की बाड़, पेड़ों आदि सहित सभी सुचालक वस्तुओं से दूर रहें।

# कश्मीर में 36 घंटे में 3 एनकाउंटर



### ● श्रीनगर में उस घर को उड़ाया, जहां आतंकी छुपे थे ; 4 जवान घायल, 3 आतंकी ढेर

**श्रीनगर,एजेन्सी।** कश्मीर में पिछले 36 घंटे में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच श्रीनगर, बांदीपोरा और अनंतनाग में 3 एनकाउंटर हुए। इनमें 4 जवान घायल हो गए और 3 आतंकी मारे गए।श्रीनगर के खान्यार में एक घर में 2 से 3 आतंकी छिपे थे। सेना ने घर को बम से उड़ा दिया है। इसमें एक पाकिस्तानी आतंकी मारा गया। घटनास्थल से आतंकी की बॉडी और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं।

श्रीनगर में 2 CRPF जवान और 2 पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। 15 सितंबर 2022 के बाद यह पहली आतंकी वारदात है। तब एनकाउंटर में दो आतंकी मारे गए थे। उधर, बांदीपोरा में एनकाउंटर जारी है।

वहीं अनंतनाग में शनिवार को सुरक्षाबलों ने एनकाउंटर में 2 आतंकियों को ढेर कर दिया। एक की पहचान जाहिद राशिद के रूप में हुई। वहीं दूसरा अरबाज अहमद मीर था। दोनों को पाकिस्तान से ट्रेनिंग मिली थी।

इससे पहले शुक्रवार रात को बडगाम में आतंकियों ने गैर कश्मीरियों पर हमला किया था। इसमें क्क के दो लोग घायल हुए, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। ये बडगाम में जल जीवन प्रोजेक्ट में काम कर रहे थे।

### फारूक बोले- आतंकी को मारा न जाए, उन्हें गिरफ्तार करें

नेशनल कॉन्फ्रेंस के चीफ फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा- जम्मू-कश्मीर में सरकार बनने से पहले आतंकी हमलों में तेजी क्यों नहीं आई। इसकी जांच होनी चाहिए कि यह कौन कर रहा है। अब्दुल्ला ने कहा कि श्रीनगर के खान्यार में मौजूद आतंकी को मारा नहीं जाना चाहिए, बल्कि उन्हें गिरफ्तार करना चाहिए, ताकि पता लगाया जा सके कि क्या उमर सरकार को अस्थिर करने का काम किसी एजेंसी को सौंपा गया है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फल-फूल रहा था। आतंकवाद अपने सबसे निचले स्तर पर था, इसलिए मैं जांच की मांग कर रहा हूं।

## वक्फ भूमि बताकर किसानों को भेजे गए नोटिस होंगे वापस, सीएम सिद्धारमैया ने जारी किए निर्देश

**बंगलूरू,एजेन्सी।** कर्नाटक में मुस्लिम किसानों की जमीन को वक्फ संपत्ति बताकर भेजे गए नोटिस वापस लिए जाएंगे। इस मुद्दे पर भाजपा के हमले के बाद कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने सभी अधिकारियों को नोटिस तुरंत वापस लेने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अफसरों से यह भी कहा कि किसी भी किसान को दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने का आह्वान किया। साथ ही अधिकारियों को मामले को गंभीरता से हल करने के निर्देश दिए।



कर्नाटक में मुस्लिम किसानों की जमीन को वक्फ बोर्ड की संपत्ति बताकर नोटिस भेजे गए थे। राज्य के विजयपुरा, कलबुर्गी, बीदर और शिवमोग्गा के किसानों ने जमीन को नोटिस मिलने की शिकायत की थी। नोटिस में उनकी जमीन को वक्फ बोर्ड की संपत्ति बताया गया। इसे लेकर भाजपा ने सिद्धारमैया सरकार को घेरा था।

**पीएम मोदी पर किया हमला** :चुनावी गारंटी पूरी करने में कांग्रेस की आलोचना करने पर सीएम सिद्धारमैया ने पीएम मोदी पर हमला बोला है। सिद्धारमैया ने एक्स पर पोस्ट किया कि कांग्रेस पर आरोप लगाने से पहले कर्नाटक में भाजपा की विनाशकारी विरासत की जांच कराएं। हम अपने लोगों से किए गए हर वादे को पूरा कर रहे हैं। सभी पांच गारंटियों को 52,000 करोड़ रुपये से अधिक के बजट के साथ लागू किया गया है। भाजपा ने राज्य को 40 प्रतिशत कमीशन भ्रष्टाचार में फंसा दिया है, जिससे संसाधन खत्म हो रहे हैं। इनसे जीवन में सुधार हो सकता था।

## कांग्रेस सत्ता में आई तो लूटेगी..., सुधांशु त्रिवेदी बोले- हम जरूरतमंद लोगों को दे रहे मुफ्त राशन

**नई दिल्ली,एजेन्सी।** भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस पार्टी पर सत्ता में आने पर धन लूटने का आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस पार्टी लोगों को बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित रखेगी। उन्होंने कहा, कांग्रेस प्रमुख ने जो कहा, उससे साफ पता चलता है कि धन, जो लोगों की संपत्ति और समृद्धि होनी चाहिए, अगर कांग्रेस के हाथों में चली जाए, तो यह आपदा बन जाती है।

**हमने सिर्फ लग्जरी वस्तुओं पर कर और शुल्क बढ़ाया** :उन्होंने आगे कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जिस तरह से हम लोगों के कल्याण के लिए काम करते हैं, पिछले 1-2 बजट में हमने लग्जरी की वस्तुओं पर कर और शुल्क बढ़ा दिया है, लेकिन जरूरतमंद लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। कांग्रेस जैसे कुछ लोग ऐसे हैं, जो सत्ता में आने के बाद धन लूटते हैं और लोगों को उनकी बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखते हैं।

**खरगे के बयान पर भाजपा नेताओं का हमला** :इससे पहले आज सीआर केसवन और मनोज तिवारी ने भी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के विश्वासघात और जुमला वाले बयान की आलोचना की। मनोज तिवारी ने दावा किया कि कांग्रेस अध्यक्ष की पार्टी के अंदर सराहना नहीं की जाती है और प्रियंका गांधी के नामांकन



प्रक्रिया के दौरान पार्टी ने उनसे मुंह मोड़ लिया था। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे हताश हैं और उन्होंने अपने नेता राहुल गांधी के खाता बयान पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है।

**कांग्रेस पार्टी हताशा में है- सीआर केसवन** :वहीं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सीआर केसवन ने भी कहा, कांग्रेस पार्टी आगामी महाराष्ट्र और झारखंड चुनावों में भारी हार की ओर देख रही है, यही वजह है कि कांग्रेस पार्टी हताशा में है। मल्लिकार्जुन खरगे के कल के घबराए हुए ट्वीट चुनावों में कांग्रेस की आगामी हार की स्पष्ट स्वीकृति और स्वीकारोक्ति हैं। फर्जी और झूठे वादों और प्रतिज्ञाओं के राहुल गांधी के तर्कहीन तुगलकनोमिक्स पर आधारित कांग्रेस पार्टी की चालबाजी ने बार-बार लोगों को धोखा दिया है और उन्हें विफल किया है।

### ओवैसी ने वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्य होने पर उठाए सवाल, कहा- टीटीडी में एक भी गैर हिंदू नहीं हैं

**नई दिल्ली, एजेन्सी।** एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्य होने पर सवाल उठाया है। उन्होंने इस दौरान कहा कि, टीटीडी बोर्ड (तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम) के 24 सदस्यों में से एक भी सदस्य गैर-हिंदू नहीं है, टीटीडी के नए चेयरमैन का कहना है कि वहां काम करने वाले लोग हिंदू होने चाहिए, हम इसके खिलाफ नहीं हैं। हमें सिर्फ इस बात पर आपत्ति है कि नरेंद्र मोदी की सरकार वक्फ के प्रस्तावित बिल में कह रही है कि केंद्रीय वक्फ परिषद में 2 गैर-मुस्लिम सदस्यों का होना अनिवार्य कर दिया गया है। आप वक्फ बिल में यह प्रावधान क्यों ला रहे हैं? टीटीडी हिंदू धर्म का बोर्ड है और वक्फ बोर्ड मुस्लिम धर्म का है। समानता होनी चाहिए, जब टीटीडी के ट्रस्टी मुस्लिम नहीं हो सकते, तो वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्य कैसे हो सकता है?

## भारत ने कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को तलब किया; अमित शाह के खिलाफ लगाए गए बेतुके आरोपों पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली,एजेन्सी।** कनाडा के मंत्री की ओर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ लगाए गए आरोपों को लेकर भारत ने नाराजगी जताई है। भारत ने कनाडाई अधिकारी को तलब किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने कल कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को तलब किया। भारत सरकार कनाडा सरकार में मंत्री डेविड मॉरिसन की ओर से समिति के समक्ष भारत के केंद्रीय गृह मंत्री के बारे में किए गए बेतुके और निराधार आरोपों का सबसे कड़े शब्दों में विरोध करती है।

उन्होंने कहा, यह पहले ही साफ हो चुका है कि उच्च कनाडाई अधिकारी जानबूझकर भारत को बदनाम करने और अन्य देशों को प्रभावित करने की एक सचेत रणनीति के तहत अंतरराष्ट्रीय मीडिया को निराधार आरोप लीक करते हैं। इससे वह दृष्टिकोण साबित होता है, जो भारत सरकार ने वर्तमान कनाडाई सरकार के राजनीतिक एजेंडे और व्यवहार पैटर्न के बारे में लंबे समय से रखा है। इस तरह की गैरजिम्मेदाराना हरकतों के द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर परिणाम होंगे।

**वाणिज्य दूतावास अधिकारियों की निगरानी पर उठाए सवाल** :रणधीर जायसवाल ने कहा, हमारे कुछ वाणिज्य दूतावास अधिकारियों को हाल ही में कनाडा सरकार की ओर से सूचित किया गया था कि



वे अब भी ऑडियो और वीडियो के जरिए निगरानी में हैं। उनकी बातचीत पर भी नजर रखी जा रही है। हमने कनाडा सरकार के सामने औपचारिक रूप से विरोध जताया है, क्योंकि हम ऐसे कामों को प्रासंगिक राजनयिक और वाणिज्य दूतावास सम्मेलनों का घोर उल्लंघन मानते हैं। तकनीकी पहलुओं का हवाला देकर कनाडा सरकार इस तथ्य को उचित नहीं ठहरा सकती कि वह उत्पीड़न और धमकी में लिप्त है। हमारे राजनयिक और वाणिज्य दूतावास कर्मी पहले से ही अलगाववाद और हिंसा के माहौल में काम कर रहे हैं। कनाडा सरकार का कृत्य स्थिति को और खराब कर रहे हैं।

## केंद्र सरकार ने शुरू की मप्र के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 10 हाथियों की मौत की जांच

**नई दिल्ली,एजेन्सी।** मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के खितौली और पतौर रेंज में अब तक 10 हाथियों ने दम तोड़ दिया है। इन मौतों की गुत्थी सुलझाने के लिए केन्द्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने जांच शुरू कर दी है। शनिवार को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो ने मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में दस हाथियों की मौत की जांच के लिए एक टीम का गठन किया है। यह दल इस मामले में स्वतंत्र जांच कर रहा है।

मंत्रालय ने बताया कि मध्य प्रदेश राज्य सरकार ने भी मामले की जांच करने और सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए पांच सदस्यीय राज्य स्तरीय समिति का गठन किया है। पांच सदस्यीय समिति का नेतृत्व एपीसीसीएफ (वन्यजीव) करता है।



समिति में नागरिक समाज, वैज्ञानिक और पशु चिकित्सक के सदस्य हैं। राज्य बाघ स्ट्राइक फोर्स (एसटीएसएफ) के प्रमुख द्वारा भी इस मामले की जांच की जा रही है। एसटीएसएफ प्रधान मुख्य वन संरक्षक और मुख्य वन्यजीव वार्डन, मध्य प्रदेश बांधवगढ़ में डेरा डाले हुए हैं और जांच एवं इस मामले में की जा रही कार्रवाई का पर्यवेक्षण कर रहे हैं।

मंत्रालय के मुताबिक मध्य प्रदेश राज्य के संबंधित अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराई गई प्रारंभिक सूचना के अनुसार हाथियों की मौत जहर के कारण हो सकती है। मृत्यु के अंतिम कारण का पता मुकम्मल जांच, विस्तृत पोस्टमॉर्टम रिपोर्टो, हिस्टोपैथोलॉजिकल और टॉक्सिकोलॉजिकल रिपोर्टो के परिणामों और अन्य पुष्टिकारक साक्ष्यों के बाद ही लगाया जा सकेगा। इसके अलावा राज्य के अधिकारियों द्वारा ऐसी घटनाओं की संभावनाओं से बचने के लिए निवारक उपाय किए जा रहे हैं और राज्य में अन्य हाथियों के झुंडों की निगरानी की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि 29 अक्टूबर को वन अधिकारियों को पेट्रोलिंग के दौरान 4 हाथी मरे मिले। अगले दिन भी कई हाथियों के अस्वस्थ्य होने की खबर मिली। एक अक्टूबर तक मृत पाए जाने वाले हाथियों की संख्या बढ़कर 10 हो गई।

## पीएम मोदी के हमले पर सीएम रेवंत का पलटवार, कहा- कांग्रेस ने 11 महीने के शासन में अंधकार खत्म किया

**हैदराबाद,एजेन्सी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शनिवार को कहा कि पिछले 11 महीने में कांग्रेस सरकार ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) शासन के तहत राज्य में व्याप्त निराशा और हताशा के माहौल को पलट दिया है और अंधकार को समाप्त कर दिया है। रेवंत रेड्डी का यह बयान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस टिप्पणी पर आया है, जिसमें उन्होंने तेलंगाना सरकार पर हमला बोला था।

रेड्डी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए गए उस पोस्ट के जवाब में यह टिप्पणी की जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस शासन में हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में विकास की गति और राजकोषीय स्थिति बद से बदतर होती जा रही



है। मुख्यमंत्री रेड्डी ने ने सोशल मीडिया पर कहा कि, अपने राज्य और हमारी सरकार के बारे में आपके बयानों में कई गलतफहमियों और तथ्यात्मक त्रुटियों को स्पष्ट कर मुझे खुशी हो रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर शुक्रवार को की गई कई पोस्ट में कहा था कि कांग्रेस लोगों के सामने बुरी तरह बेनकाब हो गई है क्योंकि उसने लोगों से ऐसे वादे किए हैं जिन्हें वह कभी पूरा नहीं कर पाएगी।

रेड्डी ने मोदी को संबोधित पोस्ट में कहा, लोगों से किया गया हमारा हर वादा हमारे लिए एक पवित्र प्रतिबद्धता की तरह है। पिछले 11 महीनों में हमने बीआरएस शासन के दौरान व्याप्त निराशा और हताशा के माहौल को पलट दिया है और अंधकार को समाप्त कर दिया है। सुबह के सूरज की तरह ही तेलंगाना भी अब उग रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि कार्यभार संभालने के दो दिनों के भीतर ही तेलंगाना सरकार ने अपना पहला और दूसरा वादा पूरा कर दिया जिसके तहत सभी सरकारी बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा और राजीव आरोग्यश्री योजना के तहत 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य देखभाल कवर देना शामिल है।

# सोनपुर मेला का उद्घाटन 13 नवंबर को, सारण डीएम ने मेला स्थलों का किया निरीक्षण



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** जिलाधिकारी सारण अमन समीर द्वारा शनिवार को सोनपुर पहुंच कर जिलास्तरीय पदाधिकारियों, तकनीकी विभाग के पदाधिकारियों तथा सोनपुर अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारियों के साथ सोनपुर मेला 2024 के अवसर पर चल रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही निदेशक, पर्यटन विभाग के साथ सोनपुर मेला में लगने वाले दुकानों के कौड़ी दर निर्धारण से संबंधित बैठक सोनपुर अनुमंडल कार्यालय में की गई तथा मेला में लगने वाले सभी प्रकार के दुकानों एवं संचालित थियेटरों का दर निर्धारण किया गया। सोनपुर मेला केउद्घाटन 13 नवंबर को होने वाली है। इस बार मेला क्षेत्र के नखास के जमीन का सरकारी भूमि का टेंडर नहीं हुआ है। बताते कि नखास भूमि जिसका कुल रकबा तीन एकड़ दो डिसमल अर्थात चार बीघा पोने दो कट्ठा अर्थात 81.75 कट्ठा है का टेंडर हेतु मिनिमम रिजर्व राशि चार करोड़ 17 लाख 46 हजार 1 सौ रुपए रखी लेकिन तीन तीन बार टेंडर की तारीख बढ़ाया गया लेकिन इतनी बड़ी राशि देने को कोई भी आगे नहीं आया। हालांकि गत वर्ष भी करीब 3.80 करोड़ रुपए में टेंडर ली गई थी। साल दर साल आपसी प्रतिद्वंदिता में भूमि की राशि में काफी बढ़ोतरी होती गई जिससे व्यवसायियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा।इस कारण से कोई भी कारोबारी होने वाले नुकशान से बच रहे है। मेला के मुख्य मंच तथा आर्ट्स एंड क्राफ्ट का निर्माण युद्धस्तर पर इवेंट मैनेजमेंट कंपनी पिरामिड फैबिकॉन द्वारा इवेंट मैनेजर ज्ञानेंद्र सिंह टुनटुन के मार्गदर्शन में चल रही है। उन्होंने शनिवार को बताया कि उद्घाटन के पूर्व सभी तैयारी पूर्ण कर ली जायेगी। दोनों स्थलों पर दिन रात मजदूर अपने कार्य को पूर्ण करने केलिए तैयारी मे जुटे हुय्र है। वहीं मेला क्षेत्र के निजी भूमि पर कई डिजनीलैंड एवं आकर्षक देशी विदेशी झूले का निर्माण हो रहा है।

## हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला की तैयारी युद्ध स्तर पर शुरू

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर गंगा और गंडक नदियों के संगम पर लगने वाले हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला जो 32 दिनों तक सरकारी स्तर पर लगेगी । इस मेले की उद्घाटन के महज 10 दिन रह गया है। मेला का उद्घाटन 13 नवंबर को होगी। इस मेले की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर सदियों पुरानी है। भले ही हाथी,पक्षीयो के आगमन या बिक्री नहीं होती है लेकिन आज भी लोगों को आकर्षित करती है। हरिहर क्षेत्र पशु मेला से विख्यात मेले की ऐतिहासिक धरोहर का उल्लेख कई ग्रंथो और इतिहास के पन्नों में भी मिलता है। यह मेला सामाजिक और सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक भी है। मेला उद्घाटन के उपरांत मेला अवधि के दौरान यहां रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होता है इस मेले मे केवल बिहार ही नहीं बल्कि देश के कोने-कोने से व्यापारी और मेलार्थियों का आगमन होता है। सोनपुर मेला आज भी अपने इतिहास सिख और पौराणिक स्वरूप को सजाए हुए हैं जो नई पीढ़ी को



अपनी संस्कृति का विरासत से जोड़ने का कार्य करता है। मेले की तैयारी युद्ध स्तर पर शुरू हो गया है। जहां दिन-रात मजदूर मेले क्षेत्र के साफ सफाई व लगने वाले प्रदर्शनी केनिर्माण मे लगे हुए हैं। यहां तक कि मेला क्षेत्र में थियेटरों,खेल,तमाशों सहित विभिन्न विभाग के स्टॉलों का निर्माण कार्य में हाथ लग गया है। हजारों की संख्या में मजदूरों का कुदाल चल रहा है। दूर दूर के व्यापारी सौदागर, छोटे- बड़े दुकानदार अपनी-अपनी दुकान के लिए भूमि लेने के लिए मोल - जोल नखास क्षेत्र तथा इसके आसपास खड़ा होकर कर रहे हैं। सोनपुर मेला केचिड़ियां बाजार क्षेत्र में एक खुदबुदी चिड़िया भी नहीं दिखेगा लेकिन एक से बढ़कर एक ब्रेकिंग डांस,झूला सहित अनेकों प्रकार के खेल- तमाशा का आनन्द उठाने के लिए तरह तरह केआइटम का निर्माण युद्ध स्तर पर जारी है।पिछले वर्षो की तरह थिएटर का जलवा इस वर्ष भी कायम रहेगा आधे दर्जन की संख्या में थिएटर शुरू होने का उम्मीद है लेकिन हाथी दर्शन तक होने का उम्मीद नहीं है। पुस्तक मेला लगने का शोर है, लेकिन इसके निर्माण में अभी तक हाथ नहीं लगा है। सोनपुर अनुमंडल पत्रकार संघ केअध्यक्ष विश्वनाथ सिंह अधिवक्ता ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि मेला अवधि मे पत्रकारों द्वारा मेला केखामिया व खुबिया पर प्रकाशित खबर का कटिंग जन सम्पर्क पदाधिकारी से मंगवा कर उसका निराकरण कराया जाए तथा मेला अवधि में हर रोज प्रेस विज्ञप्ति जारी किया जाए। श्री सिंह ने यह भी मांग किया है कि मेला का उद्घाटन बिहार केमुख्यमंत्री नितीश कुमार से कराने का आग्रह किया जाय।

## छठपर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** लोक आस्था का महापर्व छठपर्व को लेकर परसा थाना परिसर में सीओ चंदन कुमार व थानाध्यक्ष सुनील कुमार की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई । थानाध्यक्ष ने उपस्थित जनप्रतिनिधि व बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों से छठ पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की । इस दौरान मुखिया संघ अध्यक्ष पूर्व मुखिया राजेंद्र राय,राम प्रवेश राय, जिला पार्षद विनोद राय,सरपंच राजेश शर्मा ,विनोद राय,बोलबम राय,राजेश कुमार,सहित दर्जनों जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

## सरदार पटेल और इंदिरा गाँधी को किया गया याद

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी की शहादत दिवस पर प्रखंड के कंग्रेस नेताओं ने याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रखंड कंग्रेस अध्यक्ष तरुण तिवारी ने सरदार पटेल को याद करते हुए कहा कि वे देश के अद्वितीय नेता थे, देश को एकीकृत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका स्वर्णनाक्षरों में दर्ज है। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी को याद करते हुए कहा कि उनके जैसा साहसिक निर्णय लेने वाली, निर्भीक, विश्वस्तरीय नेता भारत को आज तक उनके बाद दूसरा नहीं मिला। हम अपने दोनों भारतरत्न महान नेताओं को आज स्मरण कर श्रद्धांजलि देते है। इस अवसर पर मुन्ना ठाकुर, दिनेश पाण्डेय, रविशंकर तिवारी, सहित अन्य उपस्थित रहें।

## अपर थानाध्यक्ष की स्थानांतरण पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** डेरनी थाना में पदस्थापित अपर थानाध्यक्ष ओमप्रकाश का स्थानांतरण भेल्दी थाना में हुई हैं। वह डेरनी थाना में अपर थानाध्यक्ष के पद पर काफी दिनों से थे। इस क्रम में उन्होंने जनमानस के नब्ज को टटोलते हुए लॉ इन ऑर्डर को व्यवस्था बनाए रखते हुए हर दिल अजीज बन गए। जिससे कि स्थांतरण पर क्षेत्र के समाजसेवी, जनप्रतिनिधि सहित कई गणमान्य उन्हें सम्मानित करते हुए विदाई दी। सीबीआई के पूर्व निदेशक ए चंद्रशेखर के भतीजा नंद किशोर सिंह उर्फ ननकू बाबू ने कहा कि पुलिस विभाग में स्थानांतरण एक नियम है, लेकिन हर लोगों को अपना समझ कर कानूनी मदद पहुंचना और हर तरह के सहयोग बनाए रखने में ओम प्रकाश जी डेरनीवासी के दिल में बैठ गए साथ ही कहा ये कही भी रहे इनके मिलन सार स्वभाव को सभी लोग जरूर याद रखेंगे इस अवसर पर थानाध्यक्षा प्रियंका कुमारी, लक्ष्मण सिंह, मुखिया सुनील राय, सुधीर कुमार अकेला उर्फ गुड्डू राम, चालक मदन सिंह, विनोद शर्मा, रामचंद्र साह, बबलू , निशु, आयुष, मोनू, धीरज सिंह, विक्रांत सिंह, शैलेन्द्र सिंह,जयराम मल्ल सुप्रसिद्ध सत्तू व्यवसाई व समाजसेवी त्रिलोकी साह समेत कई अन्य भी अपर थानाध्यक्ष को सम्मानित किया।

## थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित



**दैनिक खोज खबर/मकेर (सारण)।** शनिवार की शाम पैक्स चुनाव एवम छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीडीओ रितिका सहाय ने उपस्थित लोगों से छठ घाट को लेकर जानकारी प्राप्त की। सीओ ने बताया कि गंडक नदी के किनारे घाट को बैरिकेटिंग कर छठ व्रतियों के लिए हर संभव सुरक्षात्मक कार्रवाई की जाएगी ।सुरक्षा की ब्यवस्था होगी,घाट की साफ सफाई संवेदनशील घाटों के पास गोताखोरों की उपलब्धता नाव एवम नाविकों की भी ब्यवस्था की जाएगी ।उपस्थित लोगों ने पैक्स चुनाव हेतु वोटिंग दूर होने की शिकायत की ,इस पर उन्होंने बताया कि जिला से निर्देश के आलोक में ऐसा किया गया है ।उन्होने उपस्थित लोगों से सहयोग की अपेक्षा की बात कही ।बैठक में अंचलाधिकारी निर्मला कुमारी , थाना अध्यक्ष रवि रंजन कुमार , एसआई डौली कुमारी ,पीर मकेर मुखियाभोली मिया कस्बा मकेर मुखिया संजीत राय, पैक्स अध्यक्ष रोनू सिंह, पैक्स अध्यक्ष सुनील राय, पैक्स अध्यक्ष राकेश सिंह,डॉ शिया राम शर्मा ,सुनील राय ,मैनेजर साह , मनीष मालाकार,धर्मेंद्र शर्मा, संजय राय, इरफान आलम, मोहमद जलील, अखिलेश कुमार, शोभनाथ यादव, राजद नेता अजय राय आदि लोग उपस्थित थे।

## बाइक सवार को पीछे से बाइक सवार ने मारी टक्कर, जख्मी रेफर


**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर मशरक थाना क्षेत्र के बंगरा में बाइक सवार को पीछे से बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घायल चैनपुर गांव निवासी सच्चिदानंद सिंह का 34 वर्षीय पुत्र अमित कुमार सिंह हैं जो डुमरसन में दवा की दुकान चलाता है वहीं से दुकान बंद कर बाइक से गांव वापस आ रहा था कि बंगरा गांव के ही बाइक सवार ने पीछे टक्कर मार दी। घायल ने बताया कि बंगरा गांव के ही एक शख्स ने बीते दिनों पहले जान लें मारने की धमकी दी थी उसी ने उसे जान मारने की नियत से टक्कर मार दी। मामले में थाना पुलिस को आवेदन दिया गया पुलिस जांच में जुटी है।

# आज शुभ मुहूर्त में भगवान चित्रगुप्त पूजन व भैया दूज पर्व

## चित्रगुप्त पुजन व भैया दूज पर्व को लेकर बाजारों में भीड़

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हिन्दू धर्म केलोग कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष दुतिये तिथि को भैया दूज ( गोधन कुटती ) है, वही कायस्थ वंशज चित्रगुप्त पुजन करते है। गोधन केदिन बहनें रेंगनी केकटे चुभो कर श्राप देती है फिर दिए गए श्राप से मुक्त कर अपने भाइयों को तिलक लगाती हैं और उनकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना ईश्वर से करती हैं और भाई केहाथों मे रक्षा सूत्र बांधती है। भाई अपने बहनो को उपहार देता है। यह त्यौहार भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक है। इससे भाई-बहन का स्नेह हमेशा बना रहता है। वही दूसरी ओर आज ही केदिन कायस्थ वंशज केलोग भगवान चितगुप्त के पूजा करते है। धार्मिक कथाओ के अनुसार सृष्टि की रचना के बाद ब्रह्माजी चिंतातुर हो गए। चिंता का कारण था- सकल सृष्टि की देखरेख एवं लेखा-जोखा रखना। कोई उपाय न सूझने पर ब्रह्माजी 12 हजार वर्ष की अखंड समाधि में लीन हो गए। इसके बाद उनकी काया से एक तेजस्वी बालक का जन्म हुआ, जिनका नाम ब्रह्माजी ने कायस्थ रखा और कहा कि समस्त जीवों के कर्मों का लेखा-जोखा रखना ही तुम्हारा दायित्व है। तब से पुरे सृस्टि केलेखा जोखा केकार्य भगवान चित्रगुप्त करते रहे। युवावस्था में उनका विवाह इरावती एवं शोभावती नामक कन्याओं से हुआ, जिनकी प्रथम पत्नी से चार एवं द्वितीय से आठ पुत्र उत्पन्न हुए।सभी कायस्थ वंशज आज भगवान चित्रगुप्त पुजन केसाथ कलम दवात केपुजा करेंगे। चित्रगुप्त पुजन केबाद कायस्थ लोग लेखा जोखा नहीं करते है। पंडितो ने बताया कि हिन्दू पंचांग के अनुसार भाई दूज व चित्रगुप्त पुजा द्वितीय तिथि रविवार को को मनाया जायेगा। दुतिया तिथि 2 नवंबर रात 8 बजकर 22 मिनट से शुरू होकर 3 नवंबर यानी रविवार केरात 11 बजकर 6 मिनट है। ऐसे में भाई दूज का पर्व व चित्रगुप्त पुजन आज 3 नवंबर को मनाया जाएगा।इस पर्व केतैयारी केपूर्व शनिवार को भाई दूज और चित्रगुप्त पूजा को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी।गोला बजार, रजिस्ट्री बजार, शिकारपुर, कसमर, सबलपुर समेत विभिन्न जगहों पर स्थायी और अस्थायी दुकानों में पूजन सामग्री खरीदने के लिए महिलाएं और पुरुषों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं शहर के स्टेशन रोड समेत विभिन्न चौक चौराहों पर नारियल, रुई, रेगनी काटा खरीदने वालों की भीड़ देखी गई। जबकि कई मोहल्लों में फेरी करने वाले दुकानदार पूजन सामग्री बेचते हुए देखे गये। इस पर्व को लेकर मिठाई दुकानों पर भी अत्यधिक भीड़ देखी गई। पर्व को लेकर पुरे दिन शहर के विभिन्न मार्गो पर रुक-रुक कर जाम की स्थिति बनी रही।

# ढ़ाई सौ छठ व्रतियों के बीच पूजा सामग्री वितरित



**दैनिक खोज खबर/ विभूतिपुर(समस्तीपुर)।** किन्नर समुदाय के द्वारा स्थापित एक मात्र सामाजिक संगठन दीदी फाउंडेशन के तत्वावधान में प्रखंड कार्यालय के सामने एवं बेलसंडी डीह ग्राम में 250 छठव्रतीयो के बीच पुजा सामग्री अगरबत्ती नारियल सलाई सुप एवं साड़ी का वितरण किया गया द्यछठ सामग्री वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथी एनजीओ संघ बिहार सचिव सह वरिष्ठ अधिवक्ता संजय कुमार बबलू जी रेलवे ट्रैड यूनियन नेता संतोष कुमार निराला पॉपुलर सेवक ट्रस्ट तमिलनाडु की संस्थापिका डॉ ए फातिमा समाजसेवी रविन्द्र कुमार आशा फेसिलेटर कल्याणी कुमारी उपस्थित थेद्य दीदी फाउंडेशन की संस्थापक सचिव सुमन किन्नर रजिया किन्नर रूपा किन्नर गुंजन किन्नर गुड़िया किन्नर खुशूबू कुमारी एहसान अहमद एमडी अरबाद रौशन सिंह रंजीत यादव ने छठ व्रत को सामग्री प्रदान कियाद्य छठ व्रतियों को सम्बोधित करते हुए दीदी फाउंडेशनके संस्थापक सचिव सुमन किन्नर ने कहा- छठ पर्व हिन्दुओं का सबसे बड़ा त्योहार है यह हमारा छोटा सा प्रयास है कि छठ व्रतियों को पूजन सामग्री प्रदान कर उनके हौसले को बढ़ाया जाएद्य सुमन ने कहा दीदी फाउंडेशन की स्थापना का उद्देश्य है कि कोई भी गरीब गुरबा त्योहार मनाने से वंचित न रहे आने वाले समय में जहां तक संभव होगा लोगों कि मदद के लिए हमारी संगठन अपने संसाधन से कार्य करती रहेगी पूर्व में भी दीदी फाउंडेशन के द्वारा होली में रंग अबीर का वितरण पुस्तक का वितरण एवं कई गरीब लड़की के शादी में उपहार सामग्री का वितरण किया गया है द्यवितरण कार्यक्रम के अध्यक्षता दीदी फाउंडेशन के संरक्षक रजीया किन्नर ने किया।

## सांसद राजीव प्रताप रूडी के प्रयास से सोनपुर एक नंबर ढाला पर रेलवे अंडर पास का हुआ टेंडर

**दैनिक खोज खबर/ सोनपुर।** गोला बाजार पहाड़ीचक एक नंबर ढाला के समीप रेलवे फाटक के पास अंडरपास की टेंडर होने पर स्थानीय कार्यकर्त्ता अभिमन्यु सिंह, देवेंद्र पासवान, मोती पासवान, सामजिक कार्यकर्त्ता अरुण सिंह आदी के नेतृत्व में पटना जाने के क्रम मे प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह, भाजपा नेता लालबाबू कुशवाहा, राजीव मुनमुन और मनोज ठाकुर का अंग वस्त्र और फूल माला से जोरदार स्वागत हुआ । ज्ञात हो की स्थानीय



लोगो द्वारा और जनप्रतिनिधि द्वारा काफी दिनों से मुखिया प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह, मुखिया प्रतिनिधि विक्रम सिंह, वार्ड पार्षद राजीव सिंह, राहुल सिंह डिम्पल सिंह मुनु चौरसिया सहित अनेक लोग द्वारा काफी दिनों से सांसद राजीव प्रताप रूडी से अंडर पास बनवाने की मांग की थीं जिसके बाद आज काफी दिनों के प्रयास के बाद अब टेंडर में चला गया है, जिससे ग्रामीणों मे खुशी का माहौल है। इस अवसर पर पंचायत समिति राहुल सिंह, अजय बाबा, सौरभ सोलंकी, चुनचुन कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित थे। इस अंडर पास की लागत लगभग 8 करोड़ की होंगी, यह बन जाने से लोगो को पटना जाने आने मे लगभग तीन से चार किलोमीटर की दुरीर कम हो जाएगी और रास्ता सुलभ हो जायेगा। समय की भी बचत होंगी ज्ञात हो कि यह रेलवे कॉसिंग पर बहुत ही ज्यादा भीड़ होता है और पर्व के समय तो लोगो को काफी परेशानी होती थी यह बन जाने से गोला बाजार के दुकान दार पहाड़ीचक रहारदियर पहलेजा शाहपुर जैतिया परवेजाबाद सहित अनेक गांव के लोगो को लाभ होगा ।

# धूमधाम से मना गोवर्द्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विश्व विख्यात हरिहर क्षेत्र सोनपुर के श्रीगजेन्द्रमोक्ष देवस्थानम् नौलखा मंदिर में शनिवार के बड़े धूमधाम से गोवर्द्धन पूजन और अन्नकूट महोत्सव मनाया गया।उपर्युक्त अवसर पर हरिहर क्षेत्र पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी लक्ष्मणाचार्य महाराज जी एक कथा के माध्यम से बताया कि द्वापर में अन्नकूट के दिन इंद्र की पूजा करके उनको छप्पन भोग अर्पित किए जाते थे लेकिन ब्रजवासियों ने श्रीकृष्ण के कहने पर उस प्रथा को बंद करके इस दिन गोवर्धन पर्वत की पूजा करने लगे और गोवर्धन रूप में भगवान श्रीकृष्ण को छप्पन भोग लगाने लगे। इस दिन घर और मंदिरों में विविध प्रकार की खाद्य सामग्रियों से भगवान को भोग लगाया जाता है। श्री स्वामी लक्ष्मणाचार्य जी ने गोबर से गोवर्धन की आकृति बनाकर उसके समीप विराजमान कृष्ण के सम्मुख गाय तथा ग्वाल-बालों की रोली, चावल, फूल, जल, मौली, दही तथा तेल का दीपक जलाकर पूजा कियाऔर श्रद्धालू लोगों ने परिक्रमा की। उन्होंने आगे बताए कि ग्रामीण क्षेत्र में अन्नकूट महोत्सव इसलिए मनाया जाता है, क्योंकि इस दिन नए अनाज की शुरुआत भगवान को भोग लगाकर की जाती है। इस दिन गाय-बैल आदि पशुओं को स्नान कराके धूप-चंदन तथा फूल माला पहनाकर उनका पूजन किया जाता है और गौमाता को मिठाई खिलाकर उसकी आरती उतारते हैं तथा प्रदक्षिणा भी करते हैं।अन्नकूट पर्व मनाने से मनुष्य को लंबी आयु तथा आरोग्य की प्राप्ति होती है साथ ही दारिद्रय का नाश होकर मनुष्य जीवनपर्यंत सुखी और समृद्ध रहता है। ऐसा माना जाता है कि यदि इस दिन कोई मनुष्य दुखी रहता है तो वह वर्षभर दुखी ही रहेगा। इसलिए हर मनुष्य को इस दिन प्रसन्न रहकर भगवान श्रीकृष्ण के प्रिय अन्नकूट उत्सव को भक्तिपूर्वक तथा आनंदपूर्वक मनाना चाहिए।श्री स्वामी लक्ष्मणाचार्य जी कथा में बताए कि इंद्र ने कूपित होकर ब्रजमंडल में मूसलधार वर्षा की। इस वर्षा से ब्रजवासियों को बचाने के लिए श्रीकृष्ण ने सात दिन तक गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी अंगुली पर उठाकर इन्द्र का मान-मर्दन किया था। उस पर्वत के नीचे 7 दिन तक सभी ग्रामिणों के साथ ही गोप-गोपिकाएं उसकी छाया में सुखपूर्वक रहे। फिर ब्रह्माजी ने इन्द्र को बताया कि पृथ्वी पर विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में जन्म ले लिया है, उनसे बैर लेना उचित नहीं है। यह जानकर इन्द्रदेव ने भगवान श्रीकृष्ण से क्षमा-याचना की। भगवान श्रीकृष्ण ने 7वें दिन गोवर्धन पर्वत को नीचे रखा और हर वर्ष गोवर्धन पूजा करके अन्नकूट उत्सव मनाने की आज्ञा दी। तभी से यह उत्सव 'अन्नकूट' के नाम से मनाया जाने लगा।

श्रीगजेन्द्रमोक्ष देवस्थानम् में अन्नकूट महोत्सव के दिन सुबह भगवान का अभिषेक हुआ और वस्त्र, आभूषण ,पुष्प माल्य आदि से सुशोभित किया गया । दिनभर भजन कीर्तन का श्रद्धालू भक्त आनन्द लेते रहे। उपर्युक्त बातें मन्दिर प्रबंधक नन्दकुमार बाबा ने बताया कि पांच बजे भगवान को छप्पन भोग अर्पित कर आरती पूजन किया गया। अन्त में सैकड़ों भक्तगण छप्पन भोग के प्रसाद का महाभण्डारा पाए। उक्त अवसर पर स्वामी जी कृपा पात्र समाजसेवी लाल बाबू पटेल,दिलीप सिंह श्रद्धापूर्वक सेवा में लगे रहे। मुख्य रूप से मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, पूर्व विधायक विनय कुमार सिंह, धर्मेन्द्र सिंह मुन्ना बाबू,ज्ञानेन्द्र सिंह टुनटुन बाबू,दिलीप झा,सुधीर सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धावान सम्मिलित हुए।



# चिरान्द में नाली का गंदा पानी सड़क पर बहने से क्षेत्र के लोग परेशान

### ग्रामीण व जनप्रतिनिधि कई बार कर चुके हैं शिकायत, समस्या से नहीं मिली निजात



**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)।** ग्राम चिरान्द ग्राम सुधार समीति भवन से बंगाली बाबा घाट मार्ग मे दे नाली का गंदा पानी सड़क पर बहने के कारण राहगीरों,आम जन व श्रधालूओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसकी शिकायत भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष हरेश्वर सिंह ने कई बार विभागीय अधिकारियों से की है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसको लेकर लोगों में नाराजगी है। हरेश्वर सिंह ने बताया कि गांव से होकर बंगाली बाबा घाट तक जा रहे सड़क पर रघुवीर साह,देवकी साह व अन्य के घरों के नाला का पानी गिरने सड़क पर किचर व जलजमाव हो गया है लिहाजा सड़क क्षतिग्रस्त के साथ आम लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होने कहा कि अभी छठ पूजा है और इसी सड़क से हजारों श्रद्धालू जठ घाट जाएंगे उन्होने इस बावत एक आवेदन भी दिया है।

## अज्ञात चोरों ने परिजनों को कमरे में बंद कर लाखों रुपए मूल्य की संपत्ति की चोरी

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)।** थाना क्षेत्र के सिंगही सलेमपुर गांव में अज्ञात चोरों ने परिजनों को कमरे में बंद कर लाखों रुपए मूल्य की संपत्ति की चोरी कर लिया। इस संबंध में गृहस्वामी ललन राय ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि में सभी लोग भोजन कर के अपने अपने कमरे में सोए हुए थे। जब रात में लघुशंका के लिए जगे तो कमरा बाहर से बंद था। जिसके बाद अन्य परिजनों को आवाज लगाई। सभी बोल रहे थे कि दरवाजा बाहर से बंद है। जिसके बाद ग्रामीणों को फोन करना हम सभी शुरू किए। जिसके बाद ग्रामीण लाठी डंडा लेकर शोर मचाते हुए घर के पास आए। तब तक चोर चोरी कर फरार हो चुके थे। तब ग्रामीण घर में घुसकर कमरे में लगी बाहर से कुंडी को खोलकर बाहर निकाले। बाहर निकलने पर देखा कि गहना जिस कमरे में था उस कमरे का ताला टुटा हुआ था। जब कमरे में गया तो देखा कि आलमारी में रखे छः लाख नकद और छः लाख से ज्यादा मूल्य के जेवर भी गायब हैं। जिसके बाद घटना की सूचना डोरीगंज पुलिस को दी। गृहस्वामी ने बताया कि घटना दो बजे रात की है और सूचना देने के बाद गश्ती की गाड़ी 430 बजे आई। जिससे परिजनों के साथ साथ ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि घर के बगल में प्राइमरी स्कूल है। जिसके छत के रास्ते चोर घर में प्रवेश कर आसानी से घटना को अंजाम दिया है। गश्ती की गाड़ी कभी इधर नहीं आती है। वहीं दिन में डोरीगंज के अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल पर डाग स्क्वायड की टीम भी आई फिर भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार ने बताया कि पुलिस घटना के विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# कार्यपालक पदाधिकारी ने नगर पंचायत के छठ घाटों का किया निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत के घोघाड़ी नदी के किनारे सतीवारतीर छठ घाट,मालिक घाट , कौलेश्वरी छठ घाट, हनुमानगंज छठ घाट,मोगलहिया छठ घाट समेत अन्य वार्डों में छठ घाट की सफाई शुरू कर दी गई है। कार्यपालक पदाधिकारी मो शाहनवाज रजा ने विभिन्न छठ घाटो पर चल रही सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। कार्यपालक पदाधिकारी मो शाहनवाज रजा ने बताया कि महा पर्व छठ को लेकर नगर पंचायत क्षेत्र के सभी छठ घाटो की सफाई व्यवस्था में नगर पंचायत के सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। छठ घाट पर व्रतियों को किसी प्रकार की कोई भी परेशानी नहीं हो। उसके मद्देनजर कार्य किया जा रहा है । चेयरमैन सोहन महंतों ने कहा कि लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के इस महापर्व पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहती है, इसलिए घाटों पर स्वच्छता और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नगर पंचायत की टीम लगातार घाटों की साफ-सफाई के साथ अन्य व्यवस्थाओं को भी सुनिश्चित कर रही है ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।



# सड़कों पर बह रहा है नाले का पानी, छठ व्रतियों को होंगी परेशानी



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत के सिनेमा हाल चौराहे से सतीवारतीर छठ घाट तक जाने वाली सड़क पर आधा दर्जन जगहों पर नाले का गंदा पानी बह रहा है। वहीं सड़क भी क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। नाले के गंदे पानी से यह सड़क बदहाल भी हो चुकी है। जर्जर सड़क व क्षतिग्रस्त नाला के पानी के कारण आवागमन पूरी तरह से प्रभावित भी होने लगा है। इस बार छठ घाट पर जाने में व्रत व्रतियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। यह सड़क वार्ड 5 के अंतर्गत आती है। इस सड़क से हमेशा सैकड़ों लोगों का आवागमन बना रहता है। क्यूंकि यह सड़क मशरक तख्त गांव को बाजार क्षेत्र से जोड़ती है। इसी सड़क से वार्ड -7 ,8 और 6 के हजारों छठ व्रतियों का सतीवारतीर छठ घाट पर व्रत धारियों की अत्यधिक भीड़ रहती है। इसी छठ घाट पर बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह, चेयरमैन सोहन महंतों की पत्नी,उप मुख्य पार्षद नमिता सिंह, पूर्व मुखिया मृदुला देवी, पूर्व मुखिया शकुंतला देवी भी छठ व्रत करती है। स्थानीय आरटीआई कार्यकर्ता दीपक कुमार सोनी और शिव कुमार राय ने बताया कि सड़क पर सिनेमा हाल चौराहे, वार्ड पार्षद के घर के सामने, जीएसके विधा निकेतन के सामने, पूर्व मुखिया छोटा संजय के मकान के सामने सड़कों पर नाले का पानी बह रहा है। जिस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

**बिहार विधानसभा उप-चुनाव :**

# प्रशांत किशोर ने जीतन राम मांझी पर लगाया पलटू होने का आरोप

### बोले - मांझी जी को भी नहीं पता कि कब पलटकर लालटेन थाम लेंगे और कब कूदकर कमल पर बैठ जाएंगे

**दैनिक खोज खबर/गया।** जन सुराज के शिल्पकार और पार्टी के स्टार प्रचारक प्रशांत किशोर ने आज इमामगंज विधानसभा में जन सुराज प्रत्याशी जितेंद्र पासवान के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में दो ही पार्टियां हैं- एक लालू जी की राजद और दूसरी मोदी जी की भाजपा। जदयू के नीतीश कुमार और हम पार्टी के नेता जीतन राम मांझी भी नहीं जानते कि कब पलटकर लालटेन थाम लेंगे और कब कूदकर कमल पर बैठ जाएंगे। पहले जनता कहती थी कि हमारे पास विकल्प की कमी है लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब जनता के पास जन सुराज का विकल्प है जिसकी सोच समाज के अच्छे लोगों को राजनीति से जोड़ना और जनता का राज स्थापित करना है। इसलिए आने वाले उप-चुनाव में जनता को संकल्प लेना होगा कि वह अपने बच्चों के भविष्य, उनकी शिक्षा और रोजगार के लिए वोट करेगी, न कि मांझी जी या किसी अन्य नेता के बच्चों को राजा बनाने के लिए।




**जन सुराज का संकल्प है कि आपके बच्चों के लिए 10-12 हजार रुपए के रोजगार की व्यवस्था की जाएगी- प्रशांत किशोर:** प्रशांत किशोर ने इमामगंज के लोगों को भरोसा दिलाया कि अगले वर्ष 2025 के छठ के बाद आपके बच्चों को, आपके पति को, आपके भाई को अपना घर-परिवार छोड़कर दूसरे राज्य में मजदूरी करने नहीं जाना पड़ेगा। जन सुराज यह सुनिश्चित करेगा कि बिहार के युवाओं को बिहार में ही, उनके शहर में, उनके गांव में ही 10-12 हजार रुपये का रोजगार मिलेगा।

## होम्योपैथी चिकित्सक के निधन पर शोक सभा

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक स्टेशन रोड निवासी होम्योपैथी के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ राम प्रकाश के पिता देवनाथ गुप्ता के श्राद्ध कर्म पर श्रद्धांजलि अर्पित करने को शोक सभा आयोजित कर पुष्प अर्पित किया गया। उनके तैल चित्र पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह, सरपंच बिनोद प्रसाद,भाजपा मंडल अध्यक्ष बीरबल प्रसाद कुशवाहा, प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अमर सिंह, नगर पंचायत चेयरमैन सोहन महंतों, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमित सिंह, जदयू नेता दिलीप कुशवाहा समेत कई अन्य ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं बृहद स्तर पर बहम भोज आयोजित किया गया।

## मारपीट में 12 लोग घायल

**एकमा (सारण)।** एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में छह महिलाओं समेत 12 लोग घायल हो गये। घायलों में हंसराजपुर गांव के हरेन्द्र मांझी, गजियापुर गांव के लक्ष्मण प्रसाद, देवढ़िया गांव की संजु कुमारी, जीरा देवी, रेशमी कुमारी, रंजु कुमारी, रामलाल महतो, योगिया गांव की निधि कुमारी, चपरैठा गांव के शिव कुमार भारती, गोबरही के टोला गांव के चन्द्रशेखर प्रसाद, जैतपुर गांव की गायत्री देवी, सरयूपार गांव के जय प्रकाश सिंह शामिल हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा स्थित सीएचसी में कराया गया। बताया जाता है कि इस संबंध में घायलों के द्वारा थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## नशे की हालत में शराबी गिरफ्तार

**एकमा (सारण)।** गश्ती के दौरान रसूलपुर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक विनोद कुमार रवि ने सड़क पर बेवजह हंगामा व राहगीरों के साथ दुर्व्यवहार कर रहे एक पियक्कड़ को गिरफ्तार किया है। रसूलपुर थाना के पुलिस के अनुसार गिरफ्तार पियक्कड़ की पहचान चपरैठी गांव के कृष्णा बीन के पुत्र मनजीत बीन के रूप में की गई है। बताया जाता है कि आवश्यक पूछताछ व चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार पियक्कड़ मनजीत बीन को जेल भेज दिया। इस क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि चिमनी भाट्ठा पर गैरकानूनी तरीके से शराब का निर्माण किया जा रहा है। रसूलपुर थाने की पुलिस सबकुछ जानकर मौन है। इसको लेकर थाना क्षेत्र में कई तरह की चर्चा हो रही है।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक का सीएचसी में हुआ उपचार

**एकमा (सारण)।** एकमा पुलिस सर्किल क्षेत्र में स्थित छपरा-सिवान मुख्य एनएच 531पर बनवार गांव में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की ठोकर से घायल होकर दाउदपुर थाना के समीप जा कर सड़क के किनारे अचेतावस्था में पड़े एक युवक को तत्काल पुलिस अवर निरीक्षक शंकर प्रसाद सिंह ने पुलिस वाहन से लाकर एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आवश्यक उपचार कराया। आवश्यक उपचार करने के बाद ड्यूटी पर तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक डॉ.गुंजन कुमार ने बताया कि युवक को गंभीर चोंटे आयी है?। पुलिस के अनुसार घायल युवक की पहचान एकारी गांव के रमेश सिंह के पुत्र दीपक सिंह के रूप में की गई है। इस दौरान अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ.गुंजन कुमार ने उपचार करने के बाद बताया कि घायल युवक को गंभीर चोंटे आयी है?। फिलहाल अब वह खतरे से बाहर है। डॉ गुंजन कुमार ने बताया कि आवश्यक चिकित्सीय जांच व बेहतर चिकित्सा के लिए गंभीर रूप से घायल युवक को सदर अस्पताल भेज दिया गया। जहां घायल युवक का उपचार हो रहा है।

## बाइक दुर्घटना में दो सवार घायल

**एकमा (सारण)।** मांझी-एकमा सड़क एसएच- 96 पर नगर पंचायत एकमा बाजार के हंसराजपुर गांव में एक तेज रफ्तार बाइक अचानक दीवार से आकर टक्करा गयी और बाइक पर सवार दो किशोर गंभीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाकर उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां दोनों घायलों का उपचार चल रहा है। बताया जाता है कि गंजपर गांव के विशाल कुमार व रिशु कुमार एकमा बाजार से गंजपर गांव स्थित अपने घर बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान मांझी-एकमा सड़क एसएच- 96 पर अचानक उनकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर कर दीवार से टक्करा कर सड़क पर पलट गई। इस दौरान बाइक पर सवार दोनों किशोर गंजपर गांव के निवासी विशाल कुमार व रिशु कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। बताया गया है कि घायलों के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है।

**जांच के दौरान ट्रेन से शराब बरामद: सिवान।** आरपीएफ ने ट्रेन व जंक्शन पर जांच के दौरान शराब को बरामद कर कार्रवाई की है। मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि विशेष टीम द्वारा शनिवार को निगरानी और जांच के दौरान गाड़ी संख्या 15028 जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक पर आगमन के दौरान कोच संख्या एस-चार के बर्थ संख्या 31, 32 के नीचे तीन बैग लावारिस हालत में रखा पाया गया। पूछताछ करने पर किसी भी यात्री द्वारा अपना होना नहीं बताया गया। उक्त बैग को चेक करने पर उसमें शराब पाई गई।

# ट्रक के धक्के से युवक की मौत के मामले में एफआईआर दर्ज

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** ट्रक के धक्के से युवक की मौत के मामले में भेल्दी थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। थाने में दर्ज एफआईआर में कोरेया गांव के मृत मुनटुन कुमार की पत्नी चंदा कुमारी ने कहा कि 30 अक्टूबर को मेरे पति मुनटुन कुमार अपने बड़े भाई राकेश राय के साथ बाइक पर सवार होकर किसी कार्यवश गड़खा जा रहे थे कि समय करीब साढ़े सात बजे शाम में भेल्दी थाना क्षेत्र के एनएच 722 पर स्थित रायपुरा सुखल मोड़ के पास पहुंचे कि बाइक चालक मेरे भसूर राकेश राय पेशाब करने हेतु बाइक को सड़क के किनारे खड़ा कर पेशाब करने लगे और मेरे पति बाइक के पास खड़े थे कि उसी समय छपरा के तरफ से आ रही ट्रक का चालक रॉग साइड से ट्रक को तेजी एवं लापरवाही से चलाकर बाइक सहित मेरे पति मुनटुन कुमार को जोरदार ठोकर मारा जिस कारण मेरे पति बुरी तरह से जख्मी हो गए।इलाज के लिए गड़खा सीएचसी लाया गया जहां उनकी मृत्यु हो गई।

## लाखों रुपये के अंग्रेजी शराब जप्त, तस्कर फरार

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** थाना क्षेत्र के डुमरी पीर बाबा के समीप से पुलिस ने लाखों रुपये के अंग्रेजी शराब जप्त किया। वहीं तस्कर भागने में सफल रहा। इस बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया की शनिवार की सुबह शराब कारोबारियों के विरुद्ध छापेमारी के लिए थाना क्षेत्र में प्रस्थान किया था तभी गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि थाना क्षेत्र के डुमरी पीर बाबा के समीप उसपार से कुछ व्यक्ति शराब लेकर आये है। जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थानीय चौकीदार के साथ पहुचे तो देखा गया कि कुछ व्यक्ति एकत्रित होकर कुछ बात कर रहे थे। जैसे ही पुलिस को आते देखा कि अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। उक्त स्थल पर पहुच कर तलाशी लिया गया तो एक बोरे में अलग अलग ब्रांड के कुल 205 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। साथ ही स्थानीय चौकीदार की पहचान पर तीन कारोबारियों को नामजद अभियुक्त बनाया गया जबकि दो अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## पैक्स चुनाव को ले डोरीगंज थाना मे 2 नवम्बर से 10 नवंबर तक होगा शस्त्रों का भौतिक सत्यापन

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज(सारण)।** सारण मे पैक्स चुनाव 2024 को ले जिलाधिकारी अमन समीर के आदेश को ले डोरीगंज थाना मे 2 नवम्बर से 10 नवंबर तक शस्त्रों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा ।इस संबंध मे थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार ने बताया कि थानाक्षेत्र के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के लिए 2024 में शस्त्रों का सत्यापन कराने का निर्देश दिया गया है। 2 से 10 नवंबर को निर्धारित तिथि पर भौतिक सत्यापन किया जाएगा।थानाध्यक्ष ने कहा कि अनुज्ञप्तिधारियों को । शस्त्र नियमावली, 2016 के नियम 30 एवं 112 के तहत जिले के अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्रों एवं कारतूस के भौतिक सत्यापन के लिए तिथि निर्धारित कर दिया गया है। उक्त तिथियों को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक सत्यापन होगा। प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी 70 वर्ष से अधिक उम्र के अनुज्ञप्तिधारियों की शारीरिक स्थिति का अवलोकन भी करेंगे। अगर अनुज्ञप्तिधारी की मृत्यु हो गई हो तो उसकी सूची भी उपलब्ध कराएंगे। दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी सत्यापन के दौरान अनुज्ञप्ति पर चस्पाये गए फोटो से अनुज्ञप्तिधारी की पहचान करेंगे। आदेश की अवहेलना करनेवाले शस्त्र अनुज्ञप्तिधारकों के विरूद्ध आयुध अधिनियम, 1959 की सुसंगत धाराओं के तहत अनुज्ञप्ति निलंबित अथवा रद्द करने की प्रकृया की जाएगी।

## छठपर्व को लेकर स्कूली बच्चों ने आकर्षक झाकी की दी प्रस्तुति

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** छठपर्व के शुभ अवसर पर नगर पंचायत परसा बाजार अंतर्गत वार्ड 15 उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरैया परिसर में नगर कार्यपालक पदाधिकारी रजनीश कुमार,शिक्षक संघ प्रखंड अध्यक्ष उमेश राय, वार्ड पार्षद सुनील कुमार राय ,बीआरसी से रजनीश कुमार,प्रधानाध्यापक अनिल भक्त,शिक्षिका कुसुम कुमारी,आरती कुमारी,निगहत आरा की मौजूदगी में छात्र छात्राओं ने छठ मैया गीत की बेहतर व आकर्षक प्रस्तुति दी। जिसे देख श्रोता व दर्शक मंत्रमुग्ध दिखे। छात्रा मुस्कान प्रवीण,खुशी कुमारी,आकांक्षा कुमारी,आकृति कुमारी,आलिया तबस्सुम,सिमरन कुमारी,ब्यूटी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी,मनीषा कुमारी आदि ने कोशी गीत,सूर्य अर्घ्य गीत,की आकर्षक प्रस्तुति दी । इस अवसर पर नगर कार्यपालक पदाधिकारी रजनीश कुमार ने कहा कि लोक आस्था का महापर्व छठ मईया की गीत को बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुति दी है।जिसके लिए विद्यालय के शिक्षक व छात्र छात्रा बधाई के पात्र है। वहीं कला विज्ञान के क्षेत्र में बच्चों को और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया। तदोपरांत कार्यपालक पदाधिकारी ने बच्चों द्वारा बनाए गए यंत्रीकरण, सामानों का अवलोकन भी किया।

## 11 लीटर देशी शराब बरामद

**एकमा (सारण)।** एकमा थाने की पुलिस ने पचुआ गांव में छापेमारी कर 11 लीटर देशी शराब बरामद किया है। बताया जाता है कि पुलिस को देख कर शराब का कारोबारी मौके से फरार हो गया। पुलिस फरार शराब के कारोबारी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकाने पर छापेमारी कर रही है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही फरार शराब के कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा ।

## विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सभी बूथों पर मना अभियान दिवस

**सिवान।** राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शनिवार से अर्हता तिथि एक जनवरी 2025 के आधार पर मतदाता सूची के लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हो गया। इस दौरान जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बीएओ के माध्यम से नाम जोड़ने व हटाने का कार्य किया गया। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने बताया कि इसके अलावा तीन तथा 23 एवं 24 नवंबर को भी विशेष अभियान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण को कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अगले साल छह जनवरी को किया जाएगा। इसका प्रकाशन अहर्ता तिथि एक जनवरी 2025 के आधार पर किया जाएगा। अंतिम प्रकाशन से पहले 28 नवंबर तक दावा-आपत्तियां ली जाएंगी। इसके बाद 24 दिसंबर तक इन दावा-आपत्तियों का निष्पादन किया जाएगा। इस दौरान प्राप्त दावा-आपत्ति संबंधित सूची, राजनीतिक दलों को भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके बाद राजनीतिक दलों द्वारा इसके संबंध में जानकारी भी दी जाएगी।

# जन सहभागिता से शराब बंदी अभियान होगा सफल : मुखिया सोनौली

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के सोनौली पंचायत के सोनौली गांव में मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू ने जहरीली शराब कांड को देखते हुए जागरूकता को पंचायत के वार्ड सदस्यों और ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गयी। मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू ने कहा कि जन सहभागिता से ही नशामुक्ति अभियान को सफल बनाया जा सकता है। यह काम सिर्फ सरकार का नहीं है, बल्कि हम सबका सामाजिक दायित्व है कि इस अभियान को सफल बनाए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों का समाज पर काफी प्रभाव होता है। अतः अपने प्रभाव का इस्तेमाल इस सामाजिक बुराई को समाप्त करने में लगाएं। उन्होंने कहा कि सभी वार्ड सदस्य अपने अपने वार्ड में ग्रामीणों को जागरूक करें कि शराब बुरी चीज है इसका दुष्प्रभाव का नतीजा है कि प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में वर्ष 2022 और 24 मे जहरीली शराब पीने से कई की मौत हो गई और कई की आंखों की रौशनी चली गई। इसलिए सभी को जागरूक करना है और शराब और नशा उत्पन करने वाले सामग्री के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करना है। जिससे लोगों की जान बच सकें। वहीं सूचना स्थानीय पुलिस तक दें कर रोक लगाने में अपनी भूमिका निभाएंगे।



# घाटों की समुचित साफ-सफाई, मरम्मती समेत आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध कराने के कार्य में लाएं तेजी




**परवेज अख्तर/सिवान।** लोक आस्था व सूर्योपासना का महान पर्व छठ पूजा की शुरुआत पांच नवंबर से होगी। इसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारी तेज हो गई है। शनिवार को जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से सभी प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने छठ महापर्व के पूर्व सभी तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रमुख रूप से छठ व्रतियों की सुविधा हेतु किए जा रहे कार्यों का अवलोकन करते हुए पदाधिकारियों को घाटों की समुचित साफ-सफाई, मरम्मती समेत आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध कराने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी कार्यपालक पदाधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश देते हुए कहा कि छठ पूजा को स्वच्छतापूर्वक मनाने हेतु सभी वैसे घाट, जहां बहुतायत में छठ व्रत किया जाता है। उनकी साफ-सफाई एवं मरम्मती के कार्यों में तेजी लाएं। साथ ही घाट तक के पहुंच पथों की भी सफाई एवं मरम्मती करवाने का निर्देश दिया गया। घाटों पर पर्याप्त रोशनी एवं खतरनाक घाटों पर बैरिकेडिंग करवाने का भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। भीड़-भाड़ वाले घाटों पर नियंत्रण कक्ष भी बनवाने का निर्देश दिया गया। नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत घाटों के किनारे दीवारों पर आकर्षक छठ व्रत से संबंधित पेंटिंग करवाने का निर्देश भी दिया गया। नदी पोखरों के घाट के साथ-साथ सिवान शहर एवं नगर पंचायत क्षेत्र में भी सफाई करवाने हेतु विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

## पदाधिकारियों ने किया छठ घाट का निरीक्षण

**बड़हरिया (सिवान)।** ज्यों-ज्यों छठ पूजा नजदीक आ रहा है इसकी तैयारी में तेजी जा रही है। वहीं छठ व्रतियों को कोई परेशानी न हो इसको लेकर प्रशासन द्वारा छठ घाटों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। इस क्रम में शुक्रवार की शाम नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी प्रेमशीला, अंचलाधिकारी सरफराज अहमद, थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा ने बड़हरिया समेत विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद पदाधिकारियों ने बताया कि खतरनाक छठ घाटों की मरम्मत, साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, लाइट आदि की व्यवस्था करने के लिए जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि नगर पंचायत में जो भी छठ घाट है उसकी साफ-सफाई कराई जा रही है। साथ ही घाटों पर पानी की उपलब्धता तथा स्वच्छता की जांच की जा रही है। छठ पूजा के दौरान छठ व्रतियों को कोई परेशानी न हो इसका ख्याल रखा जाएगा। सीओ ने बताया कि छठ घाट जाने वाले सड़क की साफ-सफाई कराई जाएगी। छठ घाटों पर सुरक्षा की दृष्टिकोण से मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

## छठ महापर्व की तैयारी को ले सदर विधायक ने घाटों का लिया जायजा

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** लोक आस्था के महापर्व छठ पर नगर क्षेत्र के विभिन्न घाटों की सफाई एवं छठव्रतियों को सुविधा देने के लिए शहर से लेकर गांव तक प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी व स्थानीय जनप्रतिनिधियों जुट गए हैं। शनिवार को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सह सदर विधायक अवध बिहारी चौधरी ने करीब एक दर्जन छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने शहर के दाहा नदी पुलवा घाट, श्रीनगर, कंधवारा, शनि मंदिर घाट, रामदेव नगर घाट, सलेमपुर घाट, पंचमंदिरा घाट, आगू छपरा घाट सहित कई घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान घाटों पर साफ-सफाई की स्थिति देखकर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता व नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद कुमार सिंह से सभी व्यवस्था दुरुस्त कराने की बात कही। कहा कि घाट पर किसी तरह की गंदगी नहीं हो, इसका विशेष ख्याल रखना होगा। वहीं जिस तालाब या नदी किनारे घाट पर खतरे की आशंका है, वहां बैरिकेडिंग की व्यवस्था होनी अनिवार्य है। ताकि छठ व्रतियों को छठ के दिन किसी तरह की परेशानी नहीं हो और विषम परिस्थिति में भी उक्त स्थल पर पहुंचने में दिक्कत नहीं हो। साथ ही प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने व घाट पर ही प्रशासनिक कैंप लगाने की बात कही। मौके पर नगर अध्यक्ष ई.रमेश कुमार, उपेंद्र यादव, भगवानजी दुबे, चंदेश्वर यादव, ओमप्रकाश गुप्ता, मकरध्वज प्रसाद, छुटकुन खान, कृष्णा यादव, चंद्रमा यादव, पार्षद प्रतिनिधि चंदेश्वर यादव, मनोज यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## छठ पूजा मातृ शक्ति एवं प्रकृति संरक्षण का प्रतीक : सिग्रीवाल

**दैनिक खोज खबर/भगवानपुर हाट (सिवान)।** छठ पूजा विश्व के कई देशों के आस्था से मनाई जाती है। छठ पूजा मातृ शक्ति एवं प्रकृति संरक्षण का प्रतीक माना जाता है। सूर्य की उपासना छठ पूजा नारी सशक्तिकरण एवं प्राकृतिक की पूजा है। छठ पूजा द्वापर युग में माता कुंती एवं त्रेता युग में भगवान श्रीराम ने किया था। यह बातें महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने शुक्रवार की शाम प्रखंड के महम्मदपुर गांव में करीब 10 लाख की लागत से बने छठ घाट के उद्घाटन के दौरान कही। सांसद ने कहा कि विकास तभी संभव है जब विकास के लिए कर्मठ चौकीदार का चुनाव करेंगे। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड बना गरीबों को स्वास्थ्य सेवा का सुविधा मुहैया कराना, गरीब परिवार को राशन, शौचालय, पेयजल, शिक्षा, सड़क, सुरक्षा की गारंटी देना पीएम मोदी की प्राथमिकता है। इस अवसर पर उन्होंने छठ व्रती महिलाओं के बीच साड़ी का भी वितरण किया। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री अवधेश कुमार पांडेय, सुप्रिया जायसवाल, दारा सिंह, सुनील ठाकुर, वीरेंद्र सिंह, गणेश ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## आपसी विवाद में हुई चाकूबाजी में चार घायल

**महाराजगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के महुआरी गांव में शुक्रवार की देर शाम दोस्तों के आपसी विवाद में हुई चाकूबाजी में चार लोग घायल हो गए। इस दौरान पिस्टल से फायरिंग भी की गई। इस घटना के बाद अफरातफरी मच गई।बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश के देवरिया के भुजौली निवासी घनश्याम, देवरिया निवासी लवकुश तथा गोपालगंज के आबिद हुसैन एवं मिसाउद्दीन शुक्रवार को अपने दोस्त महुआरी निवासी संदीप कुमार कुशवाहा के घर मिलने आए थे। सभी दोस्त एक ही साथ गुजरात में काम करते हैं। इस दौरान किसी बात को लेकर संदीप ने अपने दोस्तों को घर बुलाकर चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से सभी दोस्त घायल हो गए। इसमें देवरिया के भुजौली निवासी घनश्याम की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। सभी का उपचार सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

## बीईओ ने प्रधानाध्यापकों को दिए कई निर्देश

**महाराजगंज (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी सभागार में शनिवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजकिशोर उपाध्याय की अध्यक्षता में प्रधानाध्यापकों की बैठक हुई। बैठक में प्रधानाध्यापकों को कई दिशा निर्देश दिए गए। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) ने कहा कि ई-शिक्षा कोष पर सभी बच्चों के वितरण किए गए एफएलएन किट को चढ़ाना जरूरी है। साथ ही यूडायस पर सभी बच्चों का प्रोग्रेस रिपोर्ट चढ़ाना है। साथ ही ई-शिक्षा कोष पर सभी शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य करे। इसके लिए उपस्थिति बनाने के लिए बताया गया है। बीईओ ने बताया कि विद्यालय में साफ-सफाई रखना आपका कर्तव्य है। मध्याह्न भोजन में कोई गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए।बैठक में बीपीएम अमित कुमार, डाटा आपरेटर जितेंद्र कुमार, एकाउंटेंट प्रदीप कुमार, प्रधानाध्यापक अखिलानंद पांडेय, भृगुनाथ सिंह, रीना कुमारी, सुरेश प्रसाद, जितेंद्र कुमार, अंशु पांडेय, दिलीप कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## विद्युत संवाद कार्यक्रम में स्मार्ट मीटर के लाभ की दी गई जानकारी

**गुठनी (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को प्री पेड स्मार्ट मीटर से होने वाले लाभ से लोगों को अवगत कराया गया। कनीय विद्युत अभियंता संतोष सावंत व सीओ डा.विकास कुमार ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य बिजली विभाग के योजनाओं एवं सेवाओं की समुचित जानकारी देना एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से प्रचार-प्रसार करना है। साथ ही क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी लेना एवं समयबद्ध तरीके से निपटारा करना शामिल है। वहीं संवाद कार्यक्रम में लोगों को स्मार्ट मीटर लगाने के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इसमें स्मार्ट मीटर से होनेवाले लाभ पर चर्चा की गई तथा स्मार्ट मीटर लगने से संभावित समस्याओं से निपटने के तरीके भी बताए गए। जन संवाद कार्यक्रम में लोगों को स्मार्ट मीटर लगाने के लिए प्रेरित किया। सीओ ने बताया कि आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका व आशा को इस संवाद कार्यक्रम में विशेष रूप से स्मार्ट मीटर के बारे में जागरूक किया गया है ताकि वे घर-घर पहुंच स्मार्ट मीटर के प्रति फैली भ्रांतियां दूर करेंगी और बिजली उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के बारे में जानकारी भी देंगी।

## आपसी विवाद में हुई मारपीट में दो घायल, तीन नामजद

**महाराजगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के देवरिया गांव में शुक्रवार को पड़ोसियों ने एक व्यक्ति के साथ गाली गलौज व मारपीट की। इस दौरान बीच बचाव करने आए चालक को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। इस मामले में पीड़ित राजेंद्र प्रसाद ने थाना में तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।बताया जाता है कि देवरिया निवासी राजेंद्र प्रसाद शुक्रवार की सुबह अपने घर के बाहर बैठे थे, तभी बगल के ही अनिल महतो, काशीनाथ महतो समेत तीन लोग आकर उनके साथ गाली गलौज करने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो वे सभी तलवार एवं फरसा से प्रहार कर घायल कर दिया। इस दौरान बीच बचाव करने आए राजेंद्र प्रसाद के वाहन चालक संदीप कुमार को भी उक्त लोगों ने मारपीट क घायल कर दिया। दोनों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इस मामले में राजेंद्र प्रसाद के आवेदन पर उक्त लोगों के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी कराई गई है। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## डोर टू डोर स्मार्ट मीटर पहुंचाएंगी बिजली कंपनी

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** शहर के तरवारा मोड़ स्थित बिजली कंपनी के डीसीआर भवन में शुक्रवार की देर शाम एनबीपीडीसीएल का 12 वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इस दौरान अभियंताओं ने बिजली कंपनी के उपलब्धियों की चर्चा की। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्युत कार्यपालक अभियंता यशवंत कुमार, महाराजगंज के कार्यपालक अभियंता प्रशांत कुमार, महाराजगंज के सहायक अभियंता दिलीप कुमार, रघुनाथपुर के रवि प्रकाश व पचरुखी के विशाल कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यपालक अभियंता प्रशांत कुमार ने कहा कि बिजलीकर्मियों की लगातार मेहनत की बदौलत हम करीब 23 घंटे बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने स्मार्ट मीटर की चर्चा करते हुए कहा कि 2025 तक जिले के सभी घरों में स्मार्ट मीटर पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसे हर हाल में पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर नार्मल मीटर से बेहतर है। सरकारी कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाने के बाद जिले के सभी घरों में स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। सिवान के विद्युत कार्यपालक अभियंता ने बिजली कंपनी के उपलब्धियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल है।मौके पर कार्यालय अधीक्षक ओम प्रकाश श्रीवास्तव, सिविल के सहायक अभियंता विपिन कुमार रजक, सिवान के आईटी मैनेजर पंकज कुमार, महाराजगंज के आईटी मैनेजर उत्पल कुमार, जेई शशि भूषण कुमार, रोहित कुमार सिंह, विवेक कुमार, कुन्दन कुमार, गौतम कुमार, पंकज कुमार समेत काफी संख्या में बिजलीकर्मी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रशासी पदाधिकारी अमिताभ कुमार ने किया।

# भाई दूज पर आज बहनें भाइयों को बजरी खिलाकर देंगी सुखमय जीवन का आशीर्वाद

**सिवान।** कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को गोवर्धन और गौ-पूजा का विशेष महत्व है। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में गोवर्धन पूजा की तैयारी आरंभ हो गई। पूजा को ले युवतियों में काफी उत्साह देखा गया। शनिवार की अल सुबह युवतियों ने पूजा स्थल की सफाई की। साथ ही गाय के गोबर लाकर उसका घर बनाया तथा उसमें गोवर्धन की प्रतिमा बनाई। उसमें बजरी के रूप में चना, मटर को रखा। इस दौरान गीतों से वातावरण गूंजायमान हो उठा। महिलाएं एवं युवतियां अपने भाइयों की दीर्घायु होने के लिए रविवार की अल सुबह पूजा स्थल पर रेंगनी के कांटा से श्रापेंगी और पूजा स्थल पर पूजा करेंगी। इसके बाद बहनें अपने भाई को बजरी खिलाएं सुखमय जीवन का आशीर्वाद देंगी। वहीं भाई भी अपनी बहनों को सुरक्षा के संकल्प के साथ उन्हें उचित उपहार देंगे। जानकारी के अनुसार पूजा जिला मुख्यालय समेत महाराजगंज, दारौंदा, जीरादेई, बसंतपुर, लकड़ी नबीगंज, आंदर, तरवारा, पचरुखी, रघुनाथपुर, हुसैनगंज, गुठनी, मैरवा, दरौली, बड़हरिया, गोरेयाकोठी, सिसवन समेत सभी प्रखंडों में मनाया जाएगा। पूजा के साथ ही मांगलिक कार्य आरंभ हो जाएंगे। बता दें कि गोवर्धन पूजा हर साल दीपावली के अगले दिन की जाती है, लेकिन कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा के उदया तिथि के अनुसार रविवार को गोवर्धन पूजा की जाएगी।

### ऐसे करें गोवर्धन की पूजा

आंदर के पड़ेजी निवासी आचार्य पंडित उमाशंकर पांडेय ने बताया कि हिंदू धर्म में गोवर्धन पूजा का बहुत महत्व है। इसके लिए सबसे पहले गाय के गोबर से गोवर्धन का चित्र घर के आंगन में बनाया जाता है। इसके बाद गोवर्धन भगवान की पूजा की जाती है। पूजन में अक्षत, रोली, जल, दूध, बताशा, पान और केसरी फूल प्रयोग में लाए जाते हैं। गोवर्धन के चित्र के पास दीप जलाकर भगवान को याद किया जाता है। मान्यता है कि आज के दिन अगर विधि-विधान से भगवान गोवर्धन की पूजा की, तो श्रीकृष्ण पूरे साल अपने भक्तों पर कृपा बरसाते हैं।

## जैक हास्पिटल के वर्षगांठ पर हुआ सम्मान समारोह का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** जैक फाउंडेशन एवं जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सिसवन ढाला स्थित नगर परिषद के कैंपस में जैक मल्टीस्पेशलिस्ट हास्पिटल का चौथा वर्षगांठ डायरेक्टर डा.दरक्शा जबी, डा.कुर्बान हैदर, तनवीर अहमद, अनम अहमद व विभिन्न प्रखंडों के सचिवों के समक्ष केक काटकर मनाया गया। साथ ही विगत माह 35वीं ईस्ट जोन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जिला के एथलेटिक्स संघ ने तीन गोल्ड, दो सिल्वर और एक ब्रॉन्ज जीत कर लाने वाले खिलाड़ियो को सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया। जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा संघ के नए सदस्यों को जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष डा.ख्वाजा एहतेशाम अहमद द्वारा सदस्यता प्रमाणपत्र एवं पुष्प गुच्छ दे कर सम्मानित किया गया। डा.एहतेशाम ने बताया कि जिला एथलेटिक्स संघ एथलेटिक्स के कार्यो को विस्तार देते हुए दिसंबर तक प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम कराने का लक्ष्य सभी प्रखंड सचिवों को सौंपा गया ताकि गांव पंचायतो से प्रतिभा निकल कर सामने आए। इसके लिए प्रखंड स्तर की गतिविधि पर जोर देना होगा। जिला कार्यकारणी समिति में विनय कुमार को प्रखंड सचिवों का नेतृत्व करने का कार्य दिया गया। राष्ट्रीय कोच सुश्री पूजा कुमारी को ट्रैक एंड फील्ड इवेंट की सभी तैयारी का कार्य दिया गया। जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव डा.अमीर उल हक ने बताया कि प्रखंड एवं क्लब सचिवों में प्रमाणपत्र से सुशोभित होने वालो में सुश्री पूजा कुमारी, विनय कुमार, विवेक कुमार, हमीदुद्दीन, ख्वाजा मोनाम अहमद , ओमकार नाथ तिवारी, ओमविकाश कुमार साह, भानु पांडेय, अंकेश कुमार सिंह, सुनील कुमार, साबिर ईमाम, सरवर आलम, मुदस्सिर मुश्ताक, सोनी कुमारी तथा नवनियुक्त जिला फिजीयोथेरेपिस्ट सुश्री डा.माहरुख फातमा रही।

### तीन को चलेगी सहरसा-लुधियाना विशेष ट्रेन

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** रेल प्रशासन द्वारा त्योहारों पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 04697 सहरसा-लुधियाना अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी का संचालन सहरसा से तीन नवंबर को एक फेरे के लिए किया गया है। वाराणसी मंडल के जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 04697 सहरसा-लुधियाना अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी तीन नवंबर को सहरसा से 10.00 बजे प्रस्थान कर सिमरी बख्तियारपुर, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, छपरा, सिवान से 1857 बजे, गोरखपुर, गोंडा, दूसरे दिन सीतापुर, बरेली , मुरादाबाद, सहारनपुर तथा यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट, राजपुरा, सरहिंदजे, ढंडारी कलां छूटकर लुधियाना पहुंचेगी।

## प्रेम प्रसंग में युवक की पीट-पीटकर हत्या, तीन गिरफ्तार

**आंदर (सिवान)।** असांव थाना क्षेत्र के कटवार गांव में शुक्रवार की रात प्रेम प्रसंग में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर ली है। मृतक की पहचान कटवार निवासी राजेश यादव के 18 वर्षीया पुत्र रितेश कुमार यादव के रूप में हुई है।मृतक के स्वजनों ने बताया कि गांव में ही नवयुवकों द्वारा मां लक्ष्मी की प्रतिमा रख पूजा अर्चना की जा ही थी। शुक्रवार की रात रितेश गांव में मां लक्ष्मी की पूजा कर घर लौट रहा था। उसी दौरान गांव के ही कुछ लोगों ने उसे रास्ते में घेर कर पिटाई करनी शुरू कर दी। पिटाई से रितेश कुमार यादव गंभीर रूप घायल हो गया। साथ ही उसके बीच बचाव करने पहुंचे गांव के ही तीन लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी होते ही रितेश के स्वजन घटनास्थल पर पहुंचे और रितेश को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य आंदर में भर्ती कराए जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्वजन घायल को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली। थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई की जा रही है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं फिलहाल तीन लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। घटना में शामिल अन्य लोग घर छोड़कर फरार हैं।एसपी अमितेश कुमार ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए बताया कि प्रेम प्रसंग में कटवार निवासी युवक रितेश कुमार यादव की हत्या हुई है। इस मामले में पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## मऊ-कोलकाता-मऊ पूजा विशेष ट्रेन का होगा संचालन

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए यात्री की सुविधा हेतु 05063/05064 मऊ-कोलकाता-मऊ पूजा विशेष गाड़ी का संचालन मऊ से 06 एवं 13 नवंबर को तथा कोलकाता से 07 एवं 14 नवंबर को दो फेरों के लिए किया जाएगा। वाराणसी मंडल के जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 05064 मऊ-कोलकाता पूजा विशेष गाड़ी 06 एवं 13 नवंबर को मऊ से 13.30 बजे प्रस्थान कर बेलथरा रोड, सलेमपुर, भटनी, भाटपार रानी, मैरवा, सिवान से 16.10 बजे, एकमा, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी दूसरे दिन किउल, झाझा, जसीडीह, मधुपुर, चितरंजन, आसनसोल, दुर्गापुर, वर्द्धमान, बण्डेल तथा नैहाटी छूटकर कोलकाता पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05063 कोलकाता-मऊ पूजा विशेष गाड़ी 07 एवं 14 नवंबर को कोलकाता से 13.20 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशन होते हुए दूसरे दिन मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, एकमा, सिवान से 03.55 बजे, मैरवा से 04.22 बजे, भाटपार रानी, भटनी, सलेमपुर तथा बेलथरा रोड छूटकर मऊ 07.00 बजे पहुंचेगी।

## बच्चों का दी गई आपदा से बचाव की जानकारी

**बड़हरिया (सिवान)।** प्रखंड के विभिन्न प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में शनिवार को मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम (सुरक्षित शनिवार) का आयोजन किया गया। इस दौरान फोकल शिक्षकों द्वारा बच्चों को आपदा से बचाव की जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को माक ड्रिल कराया गया। इस दौरान शिक्षकों ने बच्चों को जनित आपदा से कैसे होता है और इससे बचाव के लिए कौन-कौन से उपाय हैं जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम को लेकर बच्चों में भी काफी उत्साह देखने को मिला। जानकारी के अनुसार रानीपुर मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापिका गुड्डी देवी की देखरेख में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसक अलावा बड़हरिया मध्य विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय सदरपुर, प्राथमिक विद्यालय शफी छपरा, प्राथमिक विद्यालय कुवही, मध्य विद्यालय आलमपुर सहित अन्य विद्यालयों में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### किशोरी की मौत मामले में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी

**गोरेयाकोठी (सिवान)।** थाना क्षेत्र के भिट्ठी गांव में दीपावली के दिन 31 अक्टूबर को ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने खेत से एक किशोरी का शव बरामद की थी। मृतका की पहचान गांव के ही रघुबर प्रसाद की पुत्री रानी कुमारी के रूप में हुई। इस मामले में मृतका के पिता के बयान पर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी की गई है। बयान में मृतका के पिता ने कहा है कि 30 अक्टूबर की मध्य रात्रि उसकी पुत्री घर से गायब हो गई। उसकी काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। अगले दिन सुबह लोगों से जानकारी मिली कि उसकी पुत्री का शव खेत में पड़ा है। घटनास्थल पर पहुंच मामले की जानकारी पुलिस को दी। इधर प्राथमिकी होने के बाद पुलिस ने भी अनुसंधान तेज कर दी है। प्रशिक्षु डीएसपी आनंद कुमार सिंह ने बताया कि मोबाइल का ब्योरा निकलवाया जा रहा है। जल्द ही घटना का खुलासा कर लिया जाएगा। वहीं किशोरी के शव मिलने के बाद गांव और आसपास के क्षेत्र में कई तरह की चर्चा भी हो रही है। फिलहाल क्षेत्र के लोगों की नजर पुलिस की अगली कार्रवाई की तरफ टिकी है।

## सरहिन्द-सहरसा-अम्बाला कैंट के बीच चलेगी अनारक्षित ट्रेन

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** छठ पर्व को लेकर दूसरे राज्यों से आने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा 04534/04533 सरहिंद-सहरसा-अंबाला कैंट अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी का संचालन सरहिंद से तीन नवंबर को तथा सहरसा से चार नवंबर को एक फेरे के लिए किया जाएगा। वाराणसी मंडल के जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 04534 सरहिंद-सहरसा अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी तीन नवंबर को सरहिंद से 11.25 बजे प्रस्थान कर राजपुरा, अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर दूसरे दिन गोण्डा, गोरखपुर, सिवान से 07.27 बजे, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी , बेगूसराय, खगड़िया तथा सिमरी बख्तियारपुर छूटकर सहरसा पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 04533 सहरसा-अम्बाला कैंट अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी चार नवंबर को सहरसा से 19.15 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशन होते हुए दूसरे दिन सिवान से 03.47 बजे, गोरखपुर, गोण्डा, सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर तथा यमुनानगर जगाधरी छूटकर अंबाला कैंट 22.20 बजे पहुंचेगी।

## पटाखा फोड़ने के विवाद में दंपती समेत चार घायल, दस नामजद

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र छाता गांव में दीपावली के दिन पटाखा फोड़ने के विवाद में हुई मारपीट में दंपती समेत चार घायल हो गए। घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में कराया गया। इस मामले में पीड़िता सुमन देवी ने थाना में आवेदन देकर गांव के ही अनिल मांझी, कमलेश्वर मांझी एवं अरुण मांझी सहित 10 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। उसने आरोप लगाया है कि 31 अक्टूबर दीपावली की देर रात बच्चे पटाखा फोड़ रहे थे तभी पड़ोसी अनिल मांझी, कमलेश्वर मांझी, अरुण मांझी सहित 10 लोग लाठी-डंडा से मुझ पर प्रहार कर घायल कर दिए। इस दौरान बीच बचाव करने आए मेरे पति, सास व देवर को भी मारपीट कर घायल कर दिया तथा मेरे गले से मंगलसूत्र छीन लिए। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है।

# भीड़ नियंत्रण हेतु किए जाएंगे सभी संभव उपाय, आमजनों से ली जाएगी सहयोग

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** लोक आस्था का महापर्व छठ को शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को ले जिलाधिकारी के निर्देश पर एडीएम उपेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान शांति समिति के सदस्यों से सुझाव लेते हुए पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता द्वारा जिला प्रशासन के द्वारा किए जा रहे सुरक्षात्मक उपाय एवं नगर परिषद एवं नगर पंचायत के द्वारा किए जा रहे साफ सफाई कार्य के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस उपाधीक्षक यातायात ने पर्व के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा की पूर्व की भांति भीड़ नियंत्रण हेतु सभी संभव उपाय सुनिश्चित किए जाएंगे। आमजनों से भी सहयोग की अपेक्षा की गई है। शांति समिति के सदस्यों ने भी अपनी-अपनी बातों को बैठक में रखा। जिला प्रशासन की तैयारी से सभी ने संतोष व्यक्त किया।

### आज होगी कलम के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त की पूजा, तैयारी पूरी

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों में चित्रांश समाज के लोगों द्वारा कलम के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त की पूजा श्रद्धा भक्ति से रविवार को की जाएगी। पूजा की तैयारी पूरी कर ली गई है। चित्रांश समाज के लोग इस पूजा को ले शनिवार की शाम तक जोर-शोर से जुटे रहे। इसको लेकर शहर के चित्रगुप्त नगर स्थित चित्रगुप्त मंदिर का नए सिरे से साफ-सफाई की गई। घरों में पूजा करने के बाद चित्रांश समाज के लोग यहां आकर सामूहिक रूप से चित्रगुप्त पूजा करते हैं। इस दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। चित्रगुप्त पूजा समिति के अध्यक्ष पंडित रामेश्वरी प्रसाद उर्फ छोटे बाबू, सचिव अवधेश कुमार श्रीवास्तव, उप सचिव अजय कुमार सिन्हा, सदस्य अरुण कुमार सिन्हा, विंध्यवासिनी प्रसाद, सुनील कुमार सिन्हा, हरिनारायण सिन्हा आदि ने बताया कि रविवार की दोपहर से भगवान चित्रगुप्त पूजा सामूहिक रूप से की जाएगी, इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। अध्यक्ष, सचिव सहित अन्य लोगों ने बताया कि यह पूजा साक्षरता की प्रतीक है। कायस्थ समाज के अलावा अन्य कोई भी शामिल हो सकता है। उन्होंने बताया कि पूजा के बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा। ज्ञात हो कि गोवर्धन पूजा के बाद चित्रांश समाज द्वारा अपने इष्टदेवता भगवान चित्रगुप्त की पूजा कर सुखमय जीवन की कामना करते हैं।